चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....The Tribune....

दिनांक ....22.2.2019.... पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ....1-2....

# Australian scientists, farmers visit HAU

**Tribune News Service**

HISAR, FEBRUARY 21

A 13-member team comprising Australian scientists and farmers visited Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) here on Thursday.

The team, led by Dr David Coventry, a retired professor from Adelaide University, Australia, visited the university's research firm and reviewed the ongoing work. The members also called on Vice-Chancellor KP Singh and discussed the common issues of agriculture in Australia and India.

They discussed steps to reduce the gap between yield potential and average yield of different crops, getting high yield with less water and to reduce the impact of pollution on crops. Expressing concern over the falling water table, the scientists emphasised the need for a special focus on water management in crop production.

Dr David Coventry was associated with the HAU from 2002 to 2012 in the Australian Centre for International Agricultural Research (ACIRR) project. This team has come to India to know its impact on the recent scenario in agriculture.

It will also visit the villages of Mahendragarh, Sirsa, Kaithal and Karnal districts, where the ACIAR project was undertaken.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक ...22.2.2019 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....3-4....



एचएयू में कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ विचार साझा करते आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिक।

# आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों और किसानों ने एचएयू के अनुसंधान फार्म का किया दौरा

हिसार। आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों और किसानों का 13 सदस्यीय दल चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पहुंचा। आस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. डेविड कोवेंरी के नेतृत्व में आए इस दल ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा किया और यहां जारी अनुसंधानों का अवलोकन किया।

इस दल ने एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की। कुलपति के साथ हुई बैठक में आस्ट्रेलिया और भारत में कृषि के समान मुद्दों पर चर्चा हुई। इस चर्चा में एचएयू के अतिरिक्त अनुसंधान निदेशक डॉ. नीरज कुमार, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिक, अंतरराष्ट्रीय मामलों के संयोजक डॉ. दलविंदर पाल, डॉ. सुरेश कुमार और डॉ. संगीता चहल ने भाग लिया।

बैठक में विभिन्न फसलों की उत्पादन क्षमता व औसत उत्पादन में अंतर को घटाने, कम सिंचाई से अधिक पैदावार प्राप्त करने, प्रदूषण का फसलों पर प्रभाव को कम करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों के साथ साझा कार्यक्रम आरंभ करने की दिशा में बढ़ना चाहिए। उल्लेखनीय है कि डॉ. डेविड आस्ट्रेलियन सेंटर फॉर इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च (एसीआईएआर) परियोजना में वर्ष 2002 से 2012 चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े रहे हैं। यह आस्ट्रेलियाई दल महेंद्रगढ़, सिरसा, कैथल और करनाल जिलों के उन गांवों जिनमें एसीआईएआर परियोजना के अंतर्गत कार्य किया गया था, का दौरा करके किसानों से मिलकर इस परियोजना के प्रभावों का जायजा लेगा। इस अवसर पर उपरोक्त परियोजना से जुड़े हकृवि के वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार यादव भी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक ट्रिब्यून

दिनांक 22.2.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-3

हकृवि पहुंचा आस्ट्रेलिया के किसानों व वैज्ञानिकों का दल

# कम सिंचाई से अधिक पैदावार पर मंथन



हिसार में बृहस्पतिवार को आस्ट्रेलिया से आए वैज्ञानिक और किसान हकृवि के वीसी प्रो. केपी सिंह से विचार सांझा करते हुए। -निस

हिसार, 21 फरवरी (निस)

आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों और किसानों का एक 13 सदस्यीय दल चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय आया। आस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिविर्सिटी के रिटायर्ड प्रो. डॉ. डेविड कोवेंट्री के नेतृत्व में आये इस दल ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा किया और यहां जारी अनुसंधानों का अवलोकन किया।

आस्ट्रेलिया से आए दल ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकाल की। कुलपति के साथ हुई बैठक में आस्ट्रेलिया और भारत में कृषि के समान मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस चर्चा में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अनुसंधान निदेशक डॉ. नीरज कुमार, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिक, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संयोजक डॉ. दलविंदर पाल, डॉ. सुरेश कुमार और डॉ. संगीता चहल ने भाग लिया।

बैठक में विभिन्न फसलों की उत्पादन क्षमता व औसत उत्पादन में अंतर को घटाने, कम सिंचाई से अधिक पैदावार प्राप्त करने, प्रदूषण का फसलों पर प्रभाव को कम करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर उपरोक्त परियोजना से जुड़े हकृवि के वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार यादव भी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक भास्कर

दिनांक 22.2.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1-2

# एचएयू पहुंचा साइंटिस्ट और किसानों का ग्रुप

## आस्ट्रेलिया और भारत में कृषि के मुद्दों पर हुई चर्चा



एचएयू में पहुंचे साइंटिस्ट कृषि विषय पर चर्चा करते हुए।

भास्कर न्यूज | हिसार

आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों और किसानों का एक 13 सदस्यीय दल चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पहुंचा। आस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. डेविड कोवेंट्री के नेतृत्व में इस दल ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा किया और यहां जारी अनुसंधानों का अवलोकन किया। दल ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की। कुलपति के साथ हुई बैठक में आस्ट्रेलिया और भारत में कृषि के समान मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

आस्ट्रेलियाई दल महेंद्रगढ़, सिरसा, कैथल और करनाल जिलों के उन गांवों जिनमें एसीआईएआर परियोजना के अंतर्गत कार्य किया गया था। इनका दौरा करके किसानों से मिलकर इस परियोजना के प्रभावों का जायजा लेगा। यह दल बावल व उचानी स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों के वैज्ञानिकों से भी बातचीत करेगा।

डॉ. डेविड आस्ट्रेलियन सेंटर फॉर इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च (एसीआइएआर) परियोजना में वर्ष 2002 से 2012 एचएयू से जुड़े रहे हैं। यह दल इस परियोजना के संदर्भ में कृषि में हाल के परिदृश्य पर इसके प्रभाव को जानने भारत दौरे पर पहुंचा है। एचएयू के अतिरिक्त अनुसंधान निदेशक डॉ. नीरज कुमार, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिक, अंतरराष्ट्रीय मामलों के संयोजक डॉ. दलविंदर पाल, डॉ. सुरेश कुमार और डॉ. संगीता चहल ने भाग लिया। इस अवसर पर उपरोक्त परियोजना से जुड़े एचएयू के वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार यादव भी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न फसलों की उत्पादन क्षमता व औसत उत्पादन में अंतर को घटाने, कम सिंचाई से अधिक पैदावार प्राप्त करने, प्रदूषण का फसलों पर प्रभाव को कम करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 22.2.2019 पृष्ठ सं. 17 कॉलम 2-4

दौरा | आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों और किसानों का 13 सदस्यीय दल एचएयू पहुंचा

# वर्तमान कृषि हालातों पर करेंगे मंथन

जागरण संवाददाता, हिसार : आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों और किसानों का एक 13 सदस्यीय दल चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पहुंचा। आस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर डा. डेविड कोवेंट्री के नेतृत्व में आए इस दल ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा किया और यहां जारी अनुसंधानों का अवलोकन किया। यह दल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कृषि में हाल के परिदृश्य पर इसके प्रभाव को जानने भारत दौरे पर आया हुआ है। इस दल ने पूर्व में 2002 से 2012 तक एक परियोजना के तहत प्रदेश के कई गांवों में काम किया था।

यह दल हरियाणा के उन्हीं गांवों का दौरा करेगा। वीरवार को इस दल ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह से भी मुलाकात की। कुलपति के साथ हुई बैठक में आस्ट्रेलिया और भारत में कृषि के समान मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।



कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ विचार साझा करते आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिक।

### फसलों के पैदावार सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

फसलों की उत्पादन क्षमता व औसत उत्पादन में अंतर को घटाने, कम सिंचाई से अधिक पैदावार प्राप्त करने, प्रदूषण का फसलों पर प्रभाव को कम करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में वैज्ञानिकों ने गिरते जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुये फसल उत्पादन में जल के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिये जाने पर जोर दिया।

### दस साल से डा. डेविड जुड़े रहे हैं एचएयू से

डा. डेविड आस्ट्रेलियन सेंटर फार इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च (एसीआइएआर) परियोजना में वर्ष 2002 से 2012 तक चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े रहे हैं। यह दल इस परियोजना के संदर्भ में कृषि में हाल के परिदृश्य पर इसके प्रभाव को जानने भारत दौरे पर आया हुआ है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........पंजाब केसरी, हरि भूमि........

दिनांक ....22.2.2019.... पृष्ठ सं. ....2, 12.... कॉलम ....7-8, 7-8....

# वैज्ञानिक एवं किसानों का दल हकृवि दौरे पर

हिसार, 21 फरवरी (ब्यूरो): ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों और किसानों का एक 13 सदस्यीय दल चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय आया। ऑस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रो. डा. डेविड कोवेंट्री के नेतृत्व में आए इस दल ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा किया। दल ने चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी.सिंह से मुलाकात की। चर्चा में चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अनुसंधान निदेशक डा. नीरज कुमार, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिक, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संयोजक डा. दलविंद्र पाल, डा. सुरेश कुमार और डा. संगीता चहल ने भाग लिया। बैठक में वैज्ञानिकों ने गिरते जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए फसल उत्पादन में जल के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिए जाने पर जोर दिया। कुलपति ने इन समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि डा. डेविड आस्ट्रेलियन सैंटर फॉर इंटरनैशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च परियोजना में वर्ष 2002 से 2012 चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े रहे हैं। इस अवसर पर उपरोक्त परियोजना से जुड़े हकृवि के वैज्ञानिक डा. अशोक कुमार यादव भी उपस्थित थे।



*कुलपति प्रो. के.पी. सिंह के साथ विचार सांझा करते आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकगण।*

# आस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों एवं किसानों का दल हकृवि दौरे पर

हिसार। आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों और किसानों का एक 13 सदस्यीय दल हकृवि में आया। आस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. डेविड कोवेंट्री के नेतृत्व में आये इस दल ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा किया और वहां जारी अनुसंधानों का अवलोकन किया। इस दल ने हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह से मुलाकात की। कुलपति के साथ हुई बैठक में आस्ट्रेलिया और भारत में कृषि के समान मुद्दों पर चर्चा हुई। इस चर्चा में हकृवि के अतिरिक्त अनुसंधान निदेशक डॉ. नीरज कुमार, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिक, अंतरराष्ट्रीय मामलों के संयोजक डॉ. दलविंदर पाल, डॉ. सुरेश कुमार और डॉ. संगीता चहल ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न फसलों की उत्पादन क्षमता व औसत उत्पादन में अंतर को घटाने, कम सिंचाई से अधिक पैदावार प्राप्त करने, प्रदूषण का फसलों पर प्रभाव को कम करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में वैज्ञानिकों ने गिरते जलस्तर पर चिंता जताते हुए फसल उत्पादन में जल के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिये जाने पर जोर दिया। इस अवसर पर हकृवि के वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार यादव उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हैलो हिसार....
दिनांक ..21..2..2019.. पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-3....

# आस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों एवं किसानों का दल हकृवि दौरे पर



हिसार: 21 फरवरी आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों और किसानों का एक 13 सदस्यीय दल चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय आया। आस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिविर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. डेविड कोवेंट्री के नेतृत्व में आये इस दल ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा किया और यहां जारी अनुसंधानों का अवलोकन किया। इस दल ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी.सिंह से मुलाकाल की। कुलपति के साथ हुई बैठक में आस्ट्रेलिया और भारत में कृषि के समान मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस चर्चा में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अनुसंधान निदेशक डॉ. नीरज कुमार, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिक, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संयोजक डॉ. दलविंदर पाल, डॉ. सुरेश कुमार और डॉ. संगीता चहल ने भाग लिया। इस अवसर पर कुलपति ने इन समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा आस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों के साथ सांझा कार्यक्रम आरम्भ करने की दिशा में बढ़ना चाहिए। यहां उल्लेखनीय है कि डॉ. डेविड आस्ट्रेलियन सैंटर फार इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च (एसीआइएआर) परियोजना में वर्ष 2002 से 2012 चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े रहे हैं। यह दल इस परियोजना के संदर्भ में कृषि में हाल के परिदृश्य पर इसके प्रभाव को जानने भारत दौरे पर आया हुआ है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......
दिनांक ...22.2.2019... पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...3-4...



सेमिनार में उपस्थित बच्चों को संबोधित करतीं वक्ता।

# एचएयू में 400 से अधिक छात्राओं को दी गृह विज्ञान शिक्षा के बारे में जानकारी

हिसार |एचएयू के गृह विज्ञान महाविद्यालय में गुरुवार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को गृह-विज्ञान शिक्षा में रोजगार के अवसरों की जानकारी देने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जिले के विभिन्न स्कूलों की 400 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने गृह विज्ञान शिक्षा के बारे में तथा गृह विज्ञान शिक्षा प्राप्त छात्राओं को सरकारी, गैर-सरकारी व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा 12वीं कक्षा की अधिकांश छात्राओं को गृह विज्ञान पाठ्यक्रम की जानकारी नहीं होती। इसके लिए कॉलेज में हर साल यह सेमिनार आयोजित किया जाता है ताकि इसके माध्यम से छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षा जगत से जुड़े अन्य जनों को गृह विज्ञान शिक्षा और इसमें रोजगार के अवसर से अवगत कराया जाता है। सेमिनार का संयोजन डॉ. संगीता चहल व डॉ. संतोष सांगवान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. वंदना, डॉ. इला, डॉ. वर्षा, डॉ. निशा, डॉ. ज्योति तथा डॉ. कांता सबरवाल भी उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक ट्रिब्यून, हरिभूमि

दिनांक 22.2.2019 पृष्ठ सं. 4,14 कॉलम 7-8,7-8

## रोजगार के लिए सेमिनार


**हिसार (निस) :** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में आज सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्राओं को गृह-विज्ञान शिक्षा में रोजगार के अवसरों की जानकारी देने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जिले के विभिन्न स्कूलों की 400 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। सेमिनार में महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढाण्डा ने गृह विज्ञान शिक्षा के बारे में तथा गृह विज्ञान शिक्षा प्राप्त छात्राओं को सरकारी, गैर-सरकारी व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के अवसरों बारे जानकारी दी।



हिसार स्थित हकृवि में छात्राओं को संबोधित करती गृह विज्ञान महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढाण्डा। -निस

## होम साइंस कॉलेज में दी रोजगार के अवसरों की जानकारी

हिसार। हकृवि के गृह विज्ञान महाविद्यालय में आज सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को गृह-विज्ञान शिक्षा में रोजगार के अवसरों की जानकारी देने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जिले के विभिन्न स्कूलों की 400 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस सेमिनार में महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने गृह विज्ञान शिक्षा के बारे में तथा गृह विज्ञान शिक्षा प्राप्त छात्राओं को सरकारी, गैर-सरकारी व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के अवसरों बारे जानकारी दी।



उन्होंने कहा बारहवीं कक्षा की अधिकांश छात्राओं को गृह विज्ञान पाठ्यक्रम की अवसर जानकारी नहीं होती। इसके लिए कॉलेज में हर साल यह सेमिनार आयोजित किया जाता है ताकि इसके माध्यम से छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षा जगत से जुड़े अन्य जनों को गृह विज्ञान शिक्षा और इसमें रोजगार के अवसर से अवगत कराया जाता है। सेमिनार का संयोजन डॉ. संगीता चहल व डॉ. संतोष सांगवान ने किया था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. वंदना, डॉ. इला, डॉ. वर्षा, डॉ. निशा, डॉ. ज्योति तथा डॉ. कांता सबरवाल उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हैलो हिसार....

दिनांक 21.2.2019 पृष्ठ सं. ...5... कॉलम ...6-8...

# हकृवि गृह विज्ञान विभाग ने दी छात्राओं को रोजगार की जानकारी



**हिसार: 21 फरवरी** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में आज सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की छात्राओं को गृह-विज्ञान शिक्षा में रोजगार के अवसरों की जानकारी देने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जिले के विभिन्न स्कूलों की 400 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस सेमिनार में महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढाण्डा ने गृह विज्ञान शिक्षा के बारे में तथा गृह विज्ञान शिक्षा प्राप्त छात्राओं को सरकारी, गैर-सरकारी व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के अवसरों बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा बारहवीं कक्षा की अधिकांश छात्राओं को गृह विज्ञान पाठ्यक्रम की अक्सर जानकारी नहीं होती। इसके लिए कॉलेज में हर साल यह सेमिनार आयोजित किया जाता है ताकि इसके माध्यम से छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षा जगत से जुड़े अन्य जनों को गृह विज्ञान शिक्षा और इसमें रोजगार के अवसर से अवगत कराया जाता है।